# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), सोनभद्र–231216

**E-Mail Id-**eecdjnsonebhadra@gmail.com **CUG Mobile No.-** +91 9473941817


पत्रांक 856 / W-16 / 79 दिनांक– 11.05.2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सोनभद्र।

विषयः– **दैनिक समाचार पत्र ई–अमर उजाला में दिनांक 14 अप्रैल 2026 को प्रकाशित शीर्षक "जून तक पूरा करें हर घर स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति" की आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र ई–अमर उजाला (वाराणसी) में दिनांक 14 अप्रैल 2026 को प्रकाशित शीर्षक **"जून तक पूरा करें हर घर स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति"** के सम्बन्ध में आख्या निम्नानुसार है–

उक्त के संदर्भ में सादर अवगत कराना है कि जनपद सोनभद्र के विकास खण्ड घोरावल, करमा, चोपन (आंशिक) एवं राबर्ट्सगंज (आंशिक) में जल जीवन मिशन "हर घर जल" योजनान्तर्गत पटवध ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्यदायी फर्म मेंसर्स एन0सी0सी0 लि0 द्वारा कराया जा रहा है। योजना में कुल 643 ग्रामो में जलापूर्ति किया जाना प्रस्तावित है। योजनान्तर्गत प्रस्तावित ग्रामों के सापेक्ष 102 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। 200 ग्रामों में अनियमित जलापूर्ति की जा रही है तथा 341 ग्रामों में टेस्टिंग एवं कमिशनिंग का कार्य कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत ग्रामों में पाइप लाइन टेस्टिंग का कार्य माह अगस्त 2026 तक पूर्ण कर शतप्रतिशत ग्रामों में जलापूर्ति किया जाना सम्भावित है।

**नगवां ब्लॉक के गोटीबांध के भलहुनिया गांव में पानी की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीणः–** जनपद सोनभद्र के विकास खण्ड नगवां के ग्राम पंचायत गोटीबांध के भलहुनिया टोला में जल जीवन मिशन "हर घर जल" योजनान्तर्गत तेन्दुआही ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्यदायी फर्म मेंसर्स वी0पी0आर0पी0एल0, जोधपुर द्वारा कराया गया है। उक्त ग्राम में योजना से जलापूर्ति की जा रही है। गर्मी के मौसम में विद्युत आपूर्ति एवं पाइप लाइन लिकेज होने पर जलापूर्ति बाधित हो जाती है, जिसको तत्काल मरम्मत कराकर जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जाती है।

जनपद सोनभद्र में पेयजल संकट के निवारण हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी एवं विकास खण्ड स्तर पर वार्ता कर पेयजल संकट ग्रस्त ग्रामो में टैंकर के माध्यम से पेयजलापूर्ति किये जाने हेतु योजना तैयार की गयी है। गर्मी के दिनों में पेयजल से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु खण्ड स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसमें मो0नं0– 9555407375 व 6392808813 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। कृपया उक्त प्रकरण को निक्षेपित कराने की कृपा करें।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।


भवदीय,
Anil
(अनिल कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।


प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–


1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, सोनभद्र।
4. जिला पंचायत राज अधिकारी, सोनभद्र।
5. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर।
6. सम्बन्धित परियोजना प्रबन्धक, जल जीवन मिशन, सोनभद्र।

अधिशासी अभियन्ता






Powered by NoteCam


Powered by NoteCam


# पेयजल की आपूर्ति का काम

वाराणसी ब्यूरो
Updated Tue, 14 Apr 2026 11:04 PM IST


नगवां ब्लॉक के गोटीबांध के भलहुनिया गांव में पानी की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। संवाद

सोनभद्र। जल जीवन मिशन के प्रबंध निदेशक (एमडी) डॉ. राजशेखर ने मंगलवार को पटवध पेयजल परियोजना के अंतर्गत सुकृत और लोहरा गांव का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने परियोजना की प्रगति, पाइप लाइन बिछाने के कार्य और घर-घर जल कनेक्शन की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देशित किया कि शीघ्र कार्य पूरा कर प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

**Trending Videos**






(2 of 3): 0:19

## ये भी पढ़ें




**Moradabad News: साफ पानी मिला नहीं, टूटी सड़कें दे रहीं परेशानी**

मुरादाबाद




**Bareilly News: हर घर जल की आस अधूरी**

बरेली



**सांविधानिक मर्यादा अं का मोह: ममता को स होगा, लोकतंत्र में कोई व्यक्ति अपरिहार्य नहीं**

विचार

उन्होंने परियोजना की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पटवध पेयजल परियोजना का कार्य हर हाल में जून तक पूर्ण कर लिया जाए। इसके लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें। किसी भी स्थिति में पात्र लाभार्थी जल कनेक्शन से वंचित न रहें। एमडी ने पाइप लाइन बिछाने के साथ-साथ ग्राउंडिंग (लाइन को सुरक्षित और स्थाई बनाने की प्रक्रिया) का कार्य भी गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। यह भी चेतावनी दी कि कार्य में लापरवाही या ढिलाई बरतने वाले अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एडीएम नमामि गंगे रोहित यादव, जल निगम के अभियंता एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

विज्ञापन

पाइप लाइन बिछने के बाद भी नहीं आ रहा पानी, ग्रामीण कुएं का पानी पीने को मजबूर

खलियारी। नगवां ब्लॉक के गोटीबांध गांव में हर घर जल परियोजना के तहत पाइप लाइन बिछने के बाद भी घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा। गांव के भलहुनिया टोले में लोग अब भी कुएं के पानी के सहारे प्यास बुझाने को विवश हैं। गर्मी बढ़ने के साथ ही उनकी दिक्कतें भी बढ़ रही हैं। पाइप लाइन वाले गांवों में टैंकर न चलने की हिदायत ने ग्रामीणों को चिंता में डाल दिया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पाइप लाइन तो बिछाई गई, लेकिन उसमें पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। कई जगहों पर लगे नल सिर्फ शोपीस बनकर रह गए हैं। मजबूरी में ग्रामीणों को कुएं का पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है, जो कई बार असुरक्षित भी हो सकता है। पानी की किल्लत के चलते लोगों को दूर-दराज से पानी ढोना पड़ रहा है, इससे महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। गर्मी बढ़ने के साथ हालात और भी खराब होते जा रहे हैं। ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार ने बताया कि कई बार शिकायत की गई हर घर नल योजना के अधिकारियों से लेकिन केवल कहा जाता है कि सुधार हो जाएगा लेकिन आज तक सुधार नहीं हुआ।

अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करें

👍 ❤️ 😂 👌 😡 😏 🥱 😯 👎 👏 🙏 😟

31 हास्यजनक टी-शर्ट असफलताएं जो केवल उनके मज़ाकिया होने के कारण वायरल हुई

Luxurylevels.com | Sponsored

UP Election 2027: बंगाल के बाद यूपी की बारी, सियासी सर्वे से शुरू हुई तैयारी, अंदरखाने जुटाया जा रहा फीडबैक

पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों में चुनाव निपट गया है। अब यूपी में सियासी तैयारियां तेज होने जा रही हैं। समय से अगर चुनाव

US- Iran: ईरान और अमेरिका के बीच अगले हफ्ते पाकिस्तान में हो सकती हे बातचीत, अमेरिकी मीडिया का दावा

American Media Reports US-Iran Talks Likely in Pakistan Next Week